प्रकाशनार्थ

01 नवम्बर 2025, गोरखपुर

श्री गुरु नानक देव रक्तदान सेवा सोसाइटी गोरखपुर के अंतर्गत जटा शंकर गुरु द्वारा के प्रांगण में एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेंटर के सहयोग से एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

इस रक्तदान शिविर का संचालन ब्लड बैंक अधिकारी डॉ अवधेश अग्रवाल एवं गुरु द्वारा के प्रमुख श्री जगनैन सिंह द्वारा किया गया।

शिविर में श्री सत्य प्रकाश , श्री मंजीत सिंह ने रक्तदान करके शिविर की शुरुआत की।

डॉ अवधेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान एक ऐसा अमूल्य उपहार है कि जो किसी का जीवन बचा सकता है। एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों का जीवन बचाने में सहायक होता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन महीने में रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह ने बताया कि गुरु द्वारा जटाशंकर परिसर में यह परम्परा लगातार जारी है। समाजसेवक , युवा एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में आगे आकर रक्तदान करना चाहिए।

शिविर में गगन प्रीत सिंह, दीपक शर्मा व गुंजन जौहारी समेत अन्य 15 लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में टेक्नीशियन एवं अन्य कर्मचारीगण का महत्वपूर्ण योगदान रहा।